कार्यालय , जनपद न्यायालय मैनपुरी।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 01 राजकीय वाहन होंडा सिटी संख्या UP 70 AG 0629 कार पंजीयन वर्ष 2009 जो पेट्रौल चलित है। न्यायालय परिसर मैनपुरी में खडी है का नीलामी दिनांक 30-05-2022 को प्रातः ~~10:30~~ 12:30 बजे न्यायालय परिसर मैनपुरी के सभा कक्ष में किया जायेगा। नीलामी की शर्तें निम्नप्रकार है-

1-जो भी वयक्ति बोली बोलना चाहेगा उसे 10,000/- रूपये का नकद प्रतिभूत के रूप में जमा करना होगा।
2-न्यूनतम बोली नीलामी समिति द्वारा उसी समय निश्चित की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति को उससे उपर बोली बोलनी पडेगी।
3-सबसे अधिक बोली बोलने वाले वयक्ति को बोली समाप्त होते ही स्वीकृत बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत के बराबर धनराशि तुरंत नगद रूप से जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि माननीय जनपद न्यायाधीश मैनपुरी के द्वारा अनुमोदित होने के उपरांत तत्तकाल जमा करनी होगी।
4-यदि उच्चतम बोलीदाता अपनी अधिकतम बोली का 25 प्रतिशत धनराशि बोली के तुरन्त बाद जमा नही करता है तो उसके द्वारा प्रतिभूत के रूप मे जमा की गयी धनराशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा उससे कम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली बोलने का 25 प्रतिशत के बराबर धनराशि जमा करनी होगी।
5- समस्त नीलाम धनराशि के साथ 18 प्रतिशत जी. एस. टी. जमा होने व नीलाम स्वीकृत होने पर ही वाहन की डिलीवरी दी जायेगी।
6- वाहन के सम्बन्ध में यदि कोई भी व्यक्ति कोई जानकारी जानना चाहता है तो वह किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय मैनपुरी से सम्पर्क करके जानकारी प्राप्त कर सकता है।
7- नीलाम क्रेता को नीलामी संबंधी समस्त औपचारिकताए स्वयं पूर्ण करनी होगी।
8-माननीय जनपद न्यायाधीश को पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए स्वीकृत बोली को निरस्त कर सकते हैं।

21/5/22

दिनांक 21-05-2022

(नासिर अहमद)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश द.प्र. क्षे./
मैनपुरी।

प्रतिलिपि-

1-कार्यालय जिलाधिकारी मैनपुरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु
2-कार्यालय पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु
3-कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु
4-कार्यालय जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रकाशन हेतु
5-कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय मैनपुरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु
6- ए आर टी ओ को इस अनुरोध के साथ की वह नीलामी के अवसर पर नियत स्थान एवं समय पर नीलामी कार्यवाही में भाग लेने का कष्ट करें तथा सूचना को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु
7-कम्पयूटर अनुभाग जनपद न्यायालय मैनपुरी को जनपद न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड हेतु
8-स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु
9-माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ओ. एस.डी. कम्पयूटर , माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को।

21/5/22

दिनांक 21-05-2022

(नासिर अहमद)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश द.प्र. क्षे./
मैनपुरी।